उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट—महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट—www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

पत्रांक—परीक्षा/ 44 /2026—27 दिनांक— 24 अप्रैल, 2026

विज्ञप्ति/अभ्यर्थन निरस्तीकरण

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या—61/उ०अ० से०च०आ०/2024, दिनांक 17 सितम्बर, 2024 में विभिन्न विभागों के अन्तर्गत विज्ञापित आशुलिपिक / वैयक्तिक सहायक संवर्ग के रिक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 08—12—2024 को आयोजित की गयी। लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रथम चरण की दिनांक 18 जून, 2025 से दिनांक 10 जुलाई, 2025 तक टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा आयोजित कराई गई। प्रथम चरण की टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा में रिक्त पदों के सापेक्ष पूर्ण संख्या में अर्ह अभ्यर्थी प्राप्त न होने के दृष्टिगत द्वितीय चरण की टंकण व आशुलेखन परीक्षा दिनांक 02 फ़रवरी, 2026 से दिनांक 07 फ़रवरी, 2026 तक आयोजित कराई गई।

अवगत कराना है कि आयोग की विज्ञप्ति दिनांक 23 फरवरी, 2026 द्वारा प्रथम एवं द्वितीय चरण की टंकण व आशुलेखन परीक्षा में अर्ह रहे 238 अभ्यर्थियों की अभिलेख सन्निरीक्षा दिनांक—16 मार्च, 2026 से 20 मार्च, 2026 तक आयोग कार्यालय में की गई।

आयोग द्वारा प्रथम एवं द्वितीय चरण की टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा के उपरान्त भी पूर्ण संख्या में अर्ह अभ्यर्थी प्राप्त न होने के फलस्वरूप तृतीय चरण की टंकण व आशुलेखन परीक्षा हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची दिनांक 23—02—2026 को आयोग की वेबसाईट पर प्रकाशित की गई। तृतीय चरण की टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा दिनांक 09 मार्च, 2026 से दिनांक 13 मार्च, 2026 तक आयोजित कराई गई।

उल्लेख करना है कि आयोग द्वारा तृतीय चरण की टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा में अर्ह रहे 38 अभ्यर्थियों की द्वितीय औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची दिनांक 18—03—2026 को प्रकाशित की गई तथा उक्त सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की अभिलेख सन्निरीक्षा दिनांक 20—03—2026 को आयोग कार्यालय में सम्पादित की गई। प्रथम एवं द्वितीय चरण (238) एवं तृतीय चरण (38) कुल 276 अभ्यर्थियों में से 272 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 04 अनुपस्थित रहे।

सूच्य है कि अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु जारी विज्ञप्ति में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि अभिलेखों की सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित तिथि को अभ्यर्थियों की उपस्थिति नितान्त रूप से अनिवार्य है तथा निर्धारित तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। पृथक से किसी दशा में अभ्यर्थी को सन्निरीक्षा हेतु कोई अन्य तिथि निर्धारित नहीं की जायेगी।

अतः चयनित अभ्यर्थियों की अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित तिथि को अनुपस्थिति एवं विज्ञप्ति की शर्तानुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने के आधार पर निम्नांकित अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त किया जाता हैः—

क्र0 सं0	अनुक्रमांक	अभ्यर्थी का नाम	पिता का नाम	अभ्युक्ति
1	1214250329	SUBHAM NAUTIYAL	Mr.VED PRAKASH	अनुपस्थिति के आधार पर अभ्यर्थन निरस्त
2	2408250179	KM KANCHAN	Mr.JAI SINGH	—उक्तवत्—
3	1202250336	PALLAVI	Mr.HARSH VARDHAN SINGH	—उक्तवत्—
4	2410250067	KM NEHA	Mr.ANAND SINGH	—उक्तवत्—
5	1213250247	MAHENDRA SINGH	Mr.DEVENDRA SINGH	अभिलेख सन्निरीक्षा की तिथि को विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने के कारण अभ्यर्थन निरस्त
6	2407250133	RAKESH KUMAR	RAJPAL SINGH	अभिलेख सन्निरीक्षा की तिथि को विज्ञापन अवधि का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने के कारण अभ्यर्थन निरस्त

(एन0 एस0 डुंगरियाल)
सचिव